





नीदरलैंड बनाम जापान

## कामाडा ने छीनी डच टीम की जीत

नीदरलैंड और जापान के बीच खेला गया मुकाबला टूर्नामेंट के सबसे रोमांचक मैचों में शामिल रहा. दोनों टीमों ने शानदार फुटबॉल खेली और अंततः मुकाबला 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ. नीदरलैंड ने दो बार बढ़त बनाई, लेकिन जापान ने दोनों बार शानदार वापसी की. मैच का सबसे यादगार पल 89वें मिनट में आया, जब दाइची कामाडा ने गोल कर अपनी टीम को बराबरी दिला दी. यह जापान के विश्व कप इतिहास का सबसे देर से किया गया गोल बन गया. वर्जिल वैन डाइक ने बड़े टूर्नामेंट में अपने करियर का पहला गोल दागा. हालांकि उनकी टीम इस बढ़त को जीत में नहीं बदल सकी. विश्व कप इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि नीदरलैंड दो बार बढ़त लेने के बावजूद मैच नहीं जीत पाया.



आइवरी कोस्ट बनाम इक्वाडोर

## डियालो ने आखिरी मिनट में बदली कहानी

आइवरी कोस्ट और इक्वाडोर के बीच मुकाबला अंत तक रोमांच से भरपूर रहा. दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला, लेकिन निर्णायक क्षण 90वें मिनट में आया. अमाद डियालो ने शानदार गोल कर आइवरी कोस्ट को 1-0 की यादगार जीत दिला दी. यह विश्व कप इतिहास में आइवरी कोस्ट का सबसे देर से किया गया गोल बन गया. साथ ही डियालो देश के लिए विश्व कप में गोल करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी भी बन गए. इस जीत के साथ आइवरी कोस्ट ने पहली बार किसी दक्षिण अमेरिकी टीम को विश्व कप में हराने का कारनामा किया. वहीं इक्वाडोर की 19 मैचों से चली आ रही अजेय लय समाप्त हो गई. मैच में चार बार गेंद गोलपोस्ट से टकराई, जिसने मुकाबले को और रोमांचक बना दिया.



स्वीडन बनाम ट्यूनीशिया

## स्वीडन का गोलों से दमदार संदेश

दिन के अंतिम मुकाबले में स्वीडन ने ट्यूनीशिया को 5-1 से हराकर शानदार जीत दर्ज की. टीम ने 1938 के बाद पहली बार विश्व कप के किसी मैच में पांच गोल दागे. अलेक्जेंडर इसाक ने बड़े टूर्नामेंट में अपना पहला गोल किया, जबकि विक्टर ग्योकेरेस ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा. स्वीडन ने पेनल्टी एरिया के बाहर से तीन गोल किए, जो विश्व कप के आधुनिक दौर के बड़े रिकॉर्ड्स में शामिल है. इस जीत ने स्वीडन को ग्रुप की सबसे मजबूत टीमों में शामिल कर दिया है. टीम ने दिखाया कि वह इस बार टूर्नामेंट में लंबा सफर तय करने की क्षमता रखती है.

# विश्व कप 2026 में रिकॉर्डों की बरसात

### जापान का जज्बा, आइवरी कोस्ट का आखिरी वार और स्वीडन का गोलों का तूफान

**मुख्य हाइलाइट्स**

- जर्मनी ने कुराकाओ को 7-1 से रौंदकर कई रिकॉर्ड बनाए
- जापान ने 89वें मिनट के गोल से नीदरलैंड को जीत से रोका
- अमाद डियालो के आखिरी मिनट के गोल से आइवरी कोस्ट विजयी
- स्वीडन ने ट्यूनीशिया को 5-1 से हराकर 88 साल पुरानी उपलब्धि दोहराई
- चार मुकाबलों में कुल 18 गोल और कई ऐतिहासिक रिकॉर्ड दर्ज हुए



## जर्मनी की ऐतिहासिक जीत

**नई दिल्ली, 15 जून. विश्व कप 2026 में रविवार का सबसे चर्चित मुकाबला जर्मनी और कुराकाओ के बीच रहा. जर्मनी ने विश्व कप पदार्पण कर रही कुराकाओ को 7-1 से हराकर अपनी ताकत का शानदार प्रदर्शन किया. यह जीत सिर्फ तीन अंक हासिल करने तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसके साथ कई रिकॉर्ड भी जर्मनी के नाम दर्ज हो गए.**

जर्मनी ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और कुराकाओ की रक्षा पंक्ति को लगातार दबाव में रखा. काई हावर्ट्ज ने दो गोल दागकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई. जर्मन मिडफील्ड और अटैक ने ऐसा तालमेल दिखाया कि कुराकाओ के खिलाड़ी पूरे मैच में संघर्ष करते नजर आए.

यह विश्व कप में जर्मनी की दूसरी सबसे बड़ी जीत की बराबरी है. इससे पहले 2002 विश्व कप में जर्मनी ने सऊदी अरब को 8-0 से हराया था. साथ ही 2014 के बाद यह जर्मनी की पहली विश्व कप ओपनिंग जीत रही. लगातार दो विश्व कप में शुरुआती मैच हारने के बाद जर्मन टीम ने शानदार वापसी की है.


मुकाबले का एक और बड़ा आकर्षण अनुभवी गोलकीपर मैनुअल नेउर रहे. 40 साल और 79 दिन की उम्र में उन्होंने जर्मनी के लिए किसी बड़े टूर्नामेंट में खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया. नेउर ने लोथर मैथ्यूस का रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया. इसके साथ ही उन्होंने विश्व कप में अपना 20वां मैच खेलकर एक और उपलब्धि हासिल की.

निको श्लॉटरबेक का हेडर गोल भी इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया. यह 1966 के बाद विश्व कप में जर्मनी का 38वां हेडर गोल था. इस मामले में जर्मनी अन्य सभी देशों से काफी आगे है.

## नीरज दोहा डायमंड लीग में करेंगे वापसी

**दोहा, 15 जून. भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा शुक्रवार को दोहा डायमंड लीग 2026 से अपने एथलेटिक्स सीजन की शुरुआत करेंगे.**

सोमवार को जारी प्रतियोगिता की प्रवेश सूची में आयोजकों ने स्पर्धा में उनकी भागीदारी की पुष्टि की. डायमंड लीग के दोहा लेग में नीरज चोपड़ा की यह लगातार चौथी उपस्थिति होगी. दो बार के ओलंपिक पदक विजेता ने 88.67 मीटर के थ्रो के साथ दोहा डायमंड लीग का 2023 एडिशन जीता था, 2024 में 88.36 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहे और पिछले साल 90.23 मीटर का नेशनल रिकॉर्ड बनाया, लेकिन जर्मनी के जूलियन वेबर के पीछे दूसरे स्थान पर रहे. नीरज चोपड़ा के लिए यह 2026 एथलेटिक्स सीज़न का पहला कॉम्पिटिशन होगा, जो स्विट्जरलैंड में ऑफ-सीज़न ट्रेनिंग कैंप के दौरान पीठ की चोट से उबर रहे थे.




## राष्ट्रमंडल खेलों के लिए रोहित राजपाल शेफ डी मिशन नियुक्त

**नयी दिल्ली, 15 जून. भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की कार्यकारी समिति के सदस्य, भारतीय डेविस कप टीम के कप्तान तथा ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन (एआईटीए) के उपाध्यक्ष रोहित राजपाल को राष्ट्रमंडल खेलों के लिए शेफ डी मिशन नियुक्त किया गया है.**

वर्ष 2026 के राष्ट्रमंडल खेल 23 जुलाई से 2 अगस्त 2026 तक स्कॉटलैंड के ग्लासगो में आयोजित होंगे, जिनमें राष्ट्रमंडल के 74 देशों और क्षेत्रों के लगभग 3,000 खिलाड़ी भाग लेंगे.

दिल्ली ओलंपिक एसोसिएशन (डीओए) और दिल्ली प्रो वॉलीबॉल लीग (डीपीवीएल) के नेतृत्व ने आगामी राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भारतीय दल के शेफ डी मिशन नियुक्त किए जाने पर रोहित राजपाल को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं.

शेफ डी मिशन के रूप में रोहित राजपाल भारतीय दल के संचालन और समन्वय में

## एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप में भारत ने पिछड़ने के बाद अमेरिका को 3-2 से हराया

**ऑकलैंड.** भारतीय महिला टीम ने एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप के पूल ए के शुरुआती मैच में दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए अमेरिका को 3-2 से हराया. नॉर्थ हार्बर हॉकी सेंटर में रविवार को खेले गये मुकाबले में भारत के लिए दीपिका ने दो गोल किए और नवनीत कौर ने एक गोल किया, जबकि अमेरिका के लिए एशले सेसा और मैडलिन जिमर ने गोल किए. दो गोल के साथ भारतीय टीम में वापसी करने वाली दीपिका को 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया.



## सुपर ओवर में भारत ए हारा

**मैच टाई होने के बाद सुपर ओवर में श्रीलंका ए की जीत**

**दाम्बुला, 15 जून. ए-टीम त्रिकोणीय सीरीज में सोमवार को भारत ए और श्रीलंका ए के बीच खेला गया मुकाबला रोमांच की चरम सीमा तक पहुंच गया. निर्धारित 50 ओवरों में दोनों टीमों ने 265-265 रन बनाए, जिसके बाद विजेता का फैसला सुपर ओवर से हुआ. सुपर ओवर में श्रीलंका ए ने बिना विकेट गंवाए 16 रन बनाए, जबकि भारत ए केवल 10 रन ही बना सका. इस तरह मेजबान टीम ने बेहद रोमांचक अंदाज में जीत दर्ज कर ली.**

दाम्बुला में खेले गए मुकाबले में श्रीलंका ए ने टॉस जीतकर भारत ए को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया. भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 39 रन के स्कोर तक दोनों सलामी बल्लेबाज पवेलियन लौट चुके थे. प्रभसिमरन सिंह 11 और वैभव सूर्यवंशी 21 रन बनाकर आउट हुए. इसके बाद ऋतुराज गायकवाड़ और कप्तान तिलक वर्मा ने पारी को संभालने की कोशिश की. दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 52 रन जोड़े, लेकिन बड़ी साझेदारी नहीं बना सके.

## लवलीना और प्रीति करेंगी अगुवाई

**नयी दिल्ली, 15 जून. बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) ने चेकिया में 17 से 21 जून तक होने वाले प्रतिष्ठित 'ग्रां प्री उस्ती नाद लाबेम' के लिए 12 सदस्यों वाली टीम की घोषणा की है.**

इस टीम में ओलंपिक मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहेन और मौजूदा एशियन चैंपियनशिप गोल्ड मेडलिस्ट प्रीति पवार जैसे बड़े नाम शामिल हैं, क्योंकि भारत ग्लासगो 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स की अपनी तैयारियों को तेज़ कर रहा है. भारतीय दल में देश के कई प्रमुख बॉक्सर शामिल हैं.



## वेस्टइंडीज ने श्रीलंका को हराया, सीरीज भी जीती

**किंगस्टन, 15 जून शमार जोसेफ (पांच विकेट) और शरफेन रदरफोर्ड (नाबाद 54) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत वेस्टइंडीज ने सोमवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में श्रीलंका को दो गेंदें शेष रहते पांच विकेट से शिकस्त दी.**

इसी के साथ वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली. आज यहां वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की टीम शमार जोसेफ की अगुवाई में गेंदबाजों आक्रमण के आगे निर्धारित 20 ओवरों में 169 रन पर सिमट गई. दुनित वेल्लालगे ने 28 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए (43) रनों की पारी खेली. उनके अलावा कामिल मिशारा (28), पथुन निसंका ने (26), कामिंडु मेंडिस (20), वानिंदु हसरंगा (21) और दसून शानका ने (16) रनों का योगदान दिया. वेस्टइंडीज के लिए शमार जोसेफ ने पांच विकेट लिये. अकील हुसैन, मैथ्यू फोर्ड, जेसन होल्डर और रॉस्टन चेज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया.




**प्रतियोगिता** अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में पदकों की हैट्रिक पर नजर

## बाकू के लिए भारतीय टीम घोषित

**नई दिल्ली, 15 जून रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) ने अजरबैजान के बाकू में होने वाली अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है. 27 जुलाई से 2 अगस्त तक होने वाली इस प्रतियोगिता में भारत की युवा पहलवानों की टोली देश का प्रतिनिधित्व करेगी.**

सोनीपत और लखनऊ में आयोजित कड़े चयन ट्रायल्स के बाद चुनी गई टीम से एक बार फिर शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है, खासकर महिला वर्ग से, जिसने पिछले दो संस्करणों में भारत को टीम चैंपियन बनाया था. भारतीय कुश्ती महासंघ ने सोमवार को आगामी अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के लिए फ्रीस्टाइल, ग्रीको-रोमन और महिला वर्ग की टीमों की घोषणा कर दी.



> चयन प्रक्रिया के दौरान खिलाड़ियों को कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा और देशभर के उभरते पहलवानों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. महिला वर्ग में हरियाणा की पहलवानों ने एक बार फिर अपना दबदबा साबित किया. राज्य की खिलाड़ियों ने 10 में से छह भार वर्गों में शीर्ष स्थान हासिल किया. दीक्षा (43 किग्रा) और गरिमा (73 किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन कर टीम में जगह बनाई. दिल्ली की कामना बाबल (49 किग्रा) और अक्षरा (53 किग्रा) ने भी चयनकर्ताओं को प्रभावित किया. महाराष्ट्र की रोहिणी खानू देवबा और राजस्थान की संध्या ने भी भारतीय दल में अपनी जगह सुनिश्चित की.

## स्वरा जाधव ने जीता पर्पल कैप

**मुंबई.** सोबो मुंबई फाल्कन्स की 13 साल की उभरती हुई क्रिकेटर स्वरा जाधव ने पहले टी20 मुंबई महिला लीग में पर्पल कैप जीतकर शानदार प्रदर्शन किया. टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र की खिलाड़ी के तौर पर शामिल हुई स्वरा ने 10 विकेट लेकर संयुक्त रूप से सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाली खिलाड़ी का रिकॉर्ड बनाया और फाल्कन्स की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई. प्रतियोगिता की सबसे कम उम्र की खिलाड़ियों में से एक होने के बावजूद, स्वरा ने भारत की इंटरनेशनल खिलाड़ी और सोबो मुंबई फाल्कन्स की कप्तान सयाली सतघरे के बराबर विकेट लिए.

## ऋचा घोष की टीम में एक अहम भूमिका

### और वह अच्छा खेल रही है : कौर

**बर्मिंघम, 15 जून. भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि अगर मेरे हाथ में होता तो मैं ऋचा घोष पहली ही गेंद से बल्लेबाजी के लिए भेज दूं. उनकी टीम में एक भूमिका है और वह अच्छा खेल रही है.**

महिला टी-20 विश्वकप में अपने पहले मुकाबले में पाकिस्तान को 64 रनों से हराने के बाद पत्रकारों से बातचीत में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने यह बात कही. उन्होंने कहा कि वह इस जीत से बेहद खुश है और सबसे पहले मैं भारतीय प्रशंसकों का शुक्रिया अदा करना चाहूंगी. स्मृति और दीप्ति दोनों ने अच्छा प्रदर्शन किया. अगर मेरे हाथ में हो तो ऋचा घोष को पहली ही गेंद से बल्लेबाजी के लिए भेज दूं लेकिन टीम में उनकी भूमिका दूसरी है. क्रिकेट में कैच लपकना काफ़ी महत्वपूर्ण होता है.



> वहीं प्लेयर ऑफ द मैच दीप्ति शर्मा ने कहा कि मुझे आईसीसी टूर्नामेंट बहुत पसंद है. विकेट से टर्न मिल रही थी इसलिए मैं हर ओवर, हर गेंद पर पेस में वैरी करने का प्रयास कर रही थी. चूंकि विकेट टर्न कर रही थी इसलिए मैं गेंद को हवा देने का प्रयास कर रही थी. यहां का क्राउड बेहतरीन है, हमें काफी लोग सपोर्ट करने आए थे. मैं स्मृति और हैरी दी के बीच साझेदारी का भी जिक्र करना चाहूंगी क्योंकि उसके बाद हमें मोमेंटम मिला. मैं यही सोचकर खेलती हूं कि जब भी टीम को जरूरत पड़ेगी मैं आगे बढ़कर योगदान दूंगी.